वै औ अ प- भारतीय पेट्रोलियम संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)

डाकघर- आइआइपी, मोहकमपुर, हरिद्वार मार्ग,

देहरादून- 248005, उत्तराखंड (भारत)

वेबसाइट: www.iip.res.in

वै औ अ प - कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
(आवेदन-प्राप्ति की अंतिम तिथि: 11 सितंबर, 2017)

सीएसआइआर- भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (सीएसआइआर- आइआइपी) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी एस आइ आर) की एक अग्रणी संघटक प्रयोगशाला है। यह प्रयोगशाला कई वैज्ञानिक विषयों पर मौलिक और अनुप्रयुक्त प्रकृति के बहुशास्त्रीय अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों में संलग्न है। इस संस्थान के पास पेट्रोलियम और हाइड्रोकार्बन उद्योग के क्षेत्र में नेतृत्व करने की गौरवशाली परंपरा है और यह आधुनिक विश्व की ऊर्जा की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए हरित प्रौद्योगिकियों के विकास में संलग्न है।

अपने अनुभवी और विशेषज्ञता से परिपूर्ण कर्मचारियों और वृहद प्रगतोत्तम अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं से युक्त यह संस्थान परिष्करण उद्योग, पेट्रोरसायन उद्योग, ऑटोमोटिव क्षेत्र, विद्युत संयंत्रों और अन्य संबंधित उपयोक्ता उद्योग से आए कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने में अपनी अग्रणी भूमिका बनाए हुए है।

अपनी स्थापना के बाद से भारतीय पेट्रोलियम संस्थान ने अब तक भारत और विदेशों के 7000 से अधिक कार्मिकों को प्रशिक्षित किया है।

संस्थान अब 'राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन' में अपने सहयोग स्वरूप 'कौशल विकास' कार्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है। इस हेतु पात्र भारतीय राष्ट्रीयता धारकों से 22 सितंबर 2017 से प्रारंभ होने वाले निम्नलिखित कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित हैं:

क्रम संख्या	प्रशिक्षण कार्यक्रम/	अवधि/ तिथियाँ	सीटों की संख्या	पात्रता मानदंड/	वय सीमा*
1.	**कॉच धमन पर मौलिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम** Basic Skill Development Training program on Glass Blowing	03 मास 22/09/2017 - 21/12/2017	05	मौलिक शैक्षणिक योग्यता- कक्षा 10 (हाइ स्कूल उत्तीर्ण) Basic educational qualification Class 10 (High School) passed.	21-30 वर्ष

*वय सीमा में शिथिलन भारत सरकार के नियमों के अनुसार/निदेशक, सीएसआइआइ-भापेसं के विवेक पर ।

वै औ अ प- भारतीय पेट्रोलियम संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
डाकघर- आइआइपी, मोहकमपुर,हरिद्वार मार्ग,
देहरादून- 248005, उत्तराखंड (भारत)
वेबसाइट: www.iip.res.in

पाठयक्रम का उद्देश्य :

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उद्योग में नवागत अथवा संगत क्षेत्र में अपनी वृत्तियों को आगे विकसित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को विषय के विस्तृत परिचय के साथ ही व्यावहारिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराना ।

प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु:

- सिद्धांत: व्यवहार - 40:60.
- प्रत्येक कार्यक्रम में 05 प्रशिक्षणार्थियों का छोटा समूह ।
- कांच धमन कर्मशाला के भीतर अन्योन्यक्रियात्मक सत्र ।
- स्व-रोजगार उद्यमिता विकास एवं व्यक्तिव विकास हेतु अभिप्रेरण ।
- प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक समाप्ति पर प्रमाण-पत्र/कौशल कार्ड प्रदान किए जाएंगे ।

प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन:

सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन ।

अवसंरचना:

सीएसआइआर-भापेसं में हवादार तथा उत्तम प्रशिक्षण-साधन वाली कक्षा-गृह हैं, यथेष्ट रूप से अर्हता प्राप्त शिक्षक व अनुदेशक व प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध है । यहां के शैक्षणिक वातावरण में पुस्तकों, प्रक्रियाओं के वीडियो, प्रस्तुतियों की उपलब्धता की सहायता से सीखने की प्रक्रिया को प्रोत्साहन दिया जाता है ।

वै औ अ प - भारतीय पेट्रोलियम संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)

डाकघर- आइआइपी, मोहकमपुर, हरिद्वार मार्ग,

देहरादून- 248005, उत्तराखंड (भारत)

वेबसाइ: www.iip.res.in

कांच धमन हेतु पाठ्यक्रम का कार्यक्रम :

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि
क.	कांचों के विभिन्न प्रकार, कांच के तापीय गुणधर्म विभिन्न प्रकार के कांचों की पहचाना करना कांच के भौतिक गुणधर्म कार्य बिंदु, अनुतापन बिंदु कांच का शिखा अनुतापन विकृति बिंदु कांचों के तापीय प्रसरण का गुणांक, पाइरेक्स का प्रस्फोटन दाब	04 सप्ताह
ख	कांच धमन उपस्करों, दाब नियमित्र, कांच धमन ज्वालकों का परिचय शिखाओं के विभिन्न प्रकार ऊष्मा प्रतिरोधी वस्त्र एवं भांड	02 सप्ताह
ग	प्रारंभिक कांच धमन प्रचालन अग्नि चकासन एवं अपसारी सिरे गोल पेंदे वाली नलिकाएं चपटें पेंदे वाली नलिकाएं दरारों का छादन, कांच संगलन कांच की नलिका को मोड़ना, काटना, पेषण, पृष्ठन एवं संधियां (जोड़)	02 सप्ताह
घ	कांच धमन सीलबंदी के मौलिक सिद्धांत: ऋजु सील बंदी, घूर्णन द्वारा 'टी' -सीलबंदी, बल्ब रूप, केशिका नलिका, विभिनन विवृत सिरों वाली परखनली	02सप्ताह
ड	कांच की धातुओं पर सीलबंदी: ऍम्प्यूल विरचन एवं क्वॉर्ट्ज कांच की निर्वात सीलबंदी	02 सप्ताह

कांच धमन कर्मशाला, कांच-धमन साधनों, अनुषंगी उपस्कर, कच्चे माल और उपभोज्य पदार्थों की एक पूरी परास से सुसज्जित है । कांच धमन कर्मशाला के प्रशिक्षण- कोष्ठों में हवा की सीक आवा-जाही और प्रशिक्षार्थियों की सुरक्षा हेतु सीक आवरण हैं ।

वै औ अ प- भारतीय पेट्रोलियम संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
डाकघर- आइआइपी, मोहकमपुर, हरिद्वार मार्ग,
देहरादून- 248005, उत्तराखंड (भारत)
वेबसाइट: www.iip.res.in

पाठयक्रम शुल्क: प्रवेश के समय रू. 12,000/- (बारह हजार रूपये मात्र) के अप्रतिदेय पाठयक्रम- शुल्क का भुगतान करना होगा । पाठयक्रम- शुल्क का भुगतान निदेशक, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून के पक्ष में ई-भुगतान के माध्यम से किया जा सकता है ।

निधि/भुगतान के ई-अंतरण की सुविधार्थ बैंक खाता विवरण

बैंक का नाम	: भारतीय स्टेट बैंक
खाताधारक का नाम	: निदेशक, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून
बैंक खाता संख्या	: 30266912400
खाते का प्रकार	: बचत बैंक खाता
शाखा	: आइ आइ पी टाउनशिप, मोहकमपुर, देहरादून,
संपर्क व्यक्ति	: डॉ अनिल कुमार जैन Jain, ई-मेल/e-mail : aniljain@iip.res.in
स्विफ्ट कोड	: SBININBB380
11 अंको का IFSC code	: SBIN0002359, माइकर संख्या/ MICR No. 248002007
जीएसटीआइएन/ GSTIN	: 05AAATC2716R2ZK

अन्य सूचनाएं:

क. यह एक 'गैर-आवासीय' कार्यक्रम है ।

ख. प्रशिक्षण-स्थल: सीएसआइआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान,डाकघर- आइ आइ पी, मोहकमपुर, हरिद्वार मार्ग, देहरादून- 248005-उत्तराखंड (भारत) ।

ग- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा-भत्ता/दैनिक भत्ता तथा आवास उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

आवेदन की प्रक्रिया एवं चयन:

1. अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन में दिए गए आवेदन के प्रारूप में आवेदन करना होगा ।
2. चयन, प्रवेश-साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा ।
3. साक्षात्कार के दिन सभी दस्तावेज मूल रूप में प्रदर्शित करने होंगे । साक्षात्कार की तिथि को दस्तावेजों का एक स्व-प्रमाणित सेट प्रस्तुत करना होगा ।

संपर्क का विवरण :

श्री सी डी शर्मा, समन्वयक-कौशल विकास कार्यक्रम
सीएसआईआर- भारतीय पेट्रोलियम संस्थान,
मोहकमपुर, हरिद्वार रोड, देहरादून 248005
टेलीफोन नंबर 0135-0135-2525 778/751; मोबाइल नंबर 9412028789
ईमेल: cdsharma@iip.res.in

वै औ अ प-कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

(आवेदन-प्राप्ति की अंतिम तिथि: 11 सितंबर, 2017)

आवेदन-पत्र

निदेशक

सीएसआइआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान

डाकघर-आइआइपी, मोहकमपुर, देहरादून (उत्तराखंड)- 248 005

फो०ो

1. अभ्यर्थी का नाम: ____________________
2. पिता/अभिभावक का नाम: ____________________
3. श्रेणी:अजा/अजजा/अपिव/सामान्य ____________________
4. जन्म तिथि: ____________________
5. पहचान का प्रमाण (आधार कार्ड/वोटर आइ डी/ड्राइविंग लाइसेंस)

   ____
6. स्थाई पता: ____________________

   ____
7. पत्राचार का पता : ____________________

   ____

   ____
8. शैक्षिक योग्यता:____________________
9. कम्प्यूटर का ज्ञान :____________________
10. अन्य कोई :(रोजगार विवरण/ प्राप्त संगत प्रशिक्षण)--
11. फोन नं. : ____________________

    ई-मेल : ____________________
12. आवेदित पाठयक्रम का नाम:____________________

मैं,.. एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन पत्र में दिए गए सभी कथन मेरे संपूर्ण ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं, और यदि कोई भी सूचना असत्य अथवा गलत पाई जाती है या कोई अपात्रता पाई जाती है तो मेरी अभ्यर्थिता रद्द हो सकती है और मेरे विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ की जा सकती है ।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

अनुलग्नक:- उपरिवर्णित सूचना/दावों के समर्थन में प्रमाण-पत्र